संक्षिप्त

राष्ट्रीय कार्यशाला 12 से

अजमेर, (कासं)। नरेंद्र मोदी विचार मंच एवं उसके समस्त अनुसांगिक संगठनों की राष्ट्रीय स्तर की प्रशिक्षण कार्यशाला 12 से 14 मई तक रायपुर छत्तीसगढ़ में आयोजित होगी। कार्यशाला में प्रदेश से 7 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल भाग लेगा। राष्ट्रीय प्रशिक्षण वर्ग में मंच की सभी शाखाओं के राष्ट्रीय अध्यक्ष, महामंत्री, प्रदेश अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और कार्यकारिणी सदस्य भाग लेंगे। कार्यशाला का उद्देश्य देशभर के कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओंए सामाजिक नीतियों और आर्थिक विकास से जुड़े विषयों की जानकारी देकर उन्हें जन-जन तक पहुँचाना है। कार्यशाला के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय संयोजक रविभाई चाणक्य होंगे। वक्ता विचार मंच की नीति, दृष्टिकोण और राष्ट्र निर्माण में संगठन की भूमिका पर मार्गदर्शन देंगे। राजस्थान से रवाना हुए दल में लिलियन ग्रेस प्रदेश अध्यक्ष, रूपश्री जैन प्रदेश महामंत्री, सुनीता जैन प्रदेश उपाध्यक्ष और ऋचा जैन प्रमुख हैं। इनके साथ अन्य अनुभवी सदस्य भी कार्यशाला में भाग लेंगे। प्रदेश अध्यक्ष लिलियन ग्रेस ने कहा कि कार्यशाला न केवल संगठन के विस्तार के लिए बल्कि जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज तक पहुंचाने के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण है। कार्यशाला के माध्यम से कार्यकर्ताओं को नीतियों की गहराई से समझ और स्थानीय स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन के तौर.तरीके बताए जाएंगे।

नृसिंह भगवान के जन्म के दर्शन

कोटा, (निसं)। शुद्धाद्वैत प्रथम पीठ श्री बड़े मथुराधीश मंदिर पाटनपोल पर रविवार को भगवान नृसिंह प्राकट्य उत्सव मनाया गया। मंगला दर्शन के बाद प्रभु को चंदन, आंवला, फुलेल से अभ्यंग कराया गया। वही संध्या आरती के बाद चौक में शीतल जल का छिड़काव किया गया। राजभोग से संध्या आरती तक जल का थाल रखा गया। जिसमें प्रभु जलविहार के लिए पधारे। नृसिंह भगवान का जन्म सूर्यास्त के पश्चात् एवं रात्रि के पूर्व हुआ था। अत: इस भाव से संध्या आरती दर्शन के बाद नरसिंह भगवान के जन्म के दर्शन कराए गए। जन्म के दर्शन में प्रभु के सम्मुख शालिग्रामजी को पंचामृत स्नान कराया गया। नरसिंह भगवान उग्र अवतार हैं। उनके क्रोध का शमन करने के भाव से शयन में शीतल सामग्री धराई गई। प्रथम पीठ युवराज मिलन कुमार बाबा ने बताया कि पुष्टिमार्ग में चार ही अवतारों को मान्यता दी गई है। श्रीराम, श्रीकृष्ण, नरसिंह भगवान और वामन अवतार इन चार अवतारों को मुख्य माना गया है। यह चारों अवतार प्रभु ने निस्साधन भक्तों पर कृपा करने के उद्देश्य से लिए थे। उनकी लीला को पुष्टिलीला माना गया है।

कोटा के युवा फिल्म मेकर की फिल्म को मिला अवॉर्ड

कोटा, (निसं)। सिद्धार्थ चतुर्वेदी द्वारा लिखित एवं निर्देशित लघु फिल्म 'अज़ाब' को पश्चिम बंगाल अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में सम्मानित किया गया। सिद्धार्थ चतुर्वेदी को 'सर्वश्रेष्ठ निर्देशक' तथा उनके द्वारा ही लिखित लघु फिल्म को 'सर्वश्रेष्ठ लघु फिल्म' के पुरस्कार से नवाज़ा गया। सिद्धार्थ चतुर्वेदी, जो कि प्रतापनगर दादाबाड़ी, कोटा निवासी हैं, उनकी फिल्म 'अज़ाब' ने भारतीय समाज में बढ़ते छेड़छाड़ और बलात्कार के मामलों पर गहरी टिप्पणी की है तथा महिला सुरक्षा की आवश्यकताओं को उजागर किया है। फिल्म में सिनेमैटोग्राफी और संपादन का कार्य अक्षय शर्मा ने किया, जबकि संगीत निर्देशन का जिम्मा अभिमन्यु सिंह ने संभाला। साथ ही कलाकार शेली शर्मा, रौनक महेश्वरी, अक्षिता पंचोली, देवेंद्र खटाना, पंकज सेन, केशव सैनी और शरद गुप्ता का भी अहम योगदान रहा।

चुनाव में दुर्गेश शर्मा अध्यक्ष बने

कोटा, (निसं)। न्यू कोटा प्रॉपर्टी डीलर एसोसिएशन के चुनाव रविवार को संपन्न हुए समिति के प्रवक्ता शमशेर परमानी ने बताया कि चुनावों में सर्वसम्मति से अध्यक्ष दुर्गेश शर्मा, महासचिव मणिराज सिंह गौड एवं कोषाध्यक्ष पुष्प कुमार जैन को चुना गया, इस अवसर पर मौजूद नेता प्रतिपक्ष विवेक राजवंशी एवं समाजसेवी विद्याशंकर गौतम ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को माल्यार्पण कर बधाई दी। चुनाव की प्रकिया मुकेश जोशी, दिलीप दाधीच एवं प्रकाश योगी के सानिध्य में एडवोकेट प्रमोद राठौर द्वारा संपन्न करवाई गई।

उत्कृष्ट योगदान देने वाली 144 प्रतिभाओं को सम्मानित किया

अजमेर, 11मई (कासं)। श्री क्षत्रिय प्रतिभा विकास एवं शोध संस्थान द्वारा आयोजित 24वें क्षत्रिय प्रतिभा सम्मान समारोह में उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। समारोह का आयोजन रविवार को जेएलएन मेडिकल कॉलेज के भीमराव अंबेडकर सभागार में हुआ। समारोह में शिक्षा, चिकित्सा, सैन्य सेवा, सामाजिक सेवा और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली 144 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि समाज ने हमें शिक्षा और उन्नति के लिए सकारात्मक वातावरण प्रदान किया है। सम्मानित हो रही प्रतिभाओं ने अपने कार्यों के माध्यम से समाज को गौरवान्वित किया है। यह सम्मान केवल एक व्यक्ति या समाज ही नहीं वरन सर्व समाज की उपलब्धि का प्रतीक है। सम्मानित प्रतिभाओं की यह नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि वह अपने साथ दूसरों को भी आगे बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त करे। यही सामाजिक समरसता और सफलता का परिचायक होता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने सशक्त नेतृत्व का परिचय देते हुए आतंकवाद के खिलाफ साहसिक और ठोस कदम

क्षत्रिय प्रतिभा विकास एवं शोध संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम को उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने सम्बोधित किया।

उठाए हैं। भारत ने आतंक की चुनौतियों का सामना करते हुए उनका जवाब दृढ़ता और रणनीतिक रूप से दिया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विजन है कि आर्थिक और सामाजिक रूप से हर वर्ग को मुख्यधारा में लाया जाए। सरकार के निर्णयों की प्रभावशीलता को देश और दुनिया ने देखा है। आज भारत एक ऐसे राष्ट्र के रूप में स्थापित हो चुका है जिसे चुनौती मिलने पर मुँहतोड़ उत्तर देने में पूरी तरह सक्षम है।

मैं स्वयं एक सैनिक की बेटी हूँ। मुझे सेना के बलिदान और समर्पण का गहरा अनुभव है। सरकार में रहकर मुझे देश सेवा का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। आपमें से कई परिवार के सदस्य सेना में है। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को स्वयं की उन्नति के साथ दूसरों को भी ऊपर उठाने का विचार और भावना रखनी चाहिए। समाज तभी सशक्त होगा जब उसकी प्रत्येक इकाई सशक्त होगी। उन्होंने कहा कि सम्मानित प्रतिभाओं में 95 महिलाएं है। यह सराहनीय है। महिलाओं का सम्मान अत्यंत आवश्यक है। समाज सदैव मातृशक्ति का ऋणी रहेगा।

'जीवन में सेवा का भाव जरूरी'

मेड़ता सिटी 11 मई: राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मेड़ता के जिला संघचालक समाजसेवी व भामाशाह श्याम सुंदर बिडला का 71वां जन्म दिन नवल सागर स्थित बस्ती में सेवा भारती समिति मेड़ता के श्री महादेव बाल संस्कार केन्द्र में सादगी के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम मां भारती के समक्ष दीप प्रज्वलन किया गया। इसके पश्चात भारतीय परंपरा अनुसार आपका तिलक लगाकर व दुपट्टा औढा कर सम्मान किया गया । बिडला ने अपने संबोधन में कहा कि जीवन में सेवा का भाव होना अति आवश्यक है । भगवान ने हमें मनुष्य रूप में जन्म दिया है तो हम अपने जीवन को दूसरों की सेवा में लगाना चाहिए। अपने मन में नर सेवा नारायण सेवा का भाव रखना चाहिए।सेवा भारती के प्रांत स्वावलंबन आयाम प्रमुख लीलाधर सोनी ने श्याम सुंदर जी का परिचय कराया और उनके जीवन के बारे में बताया। बिरला जी सामाजिक कार्यों में अठाणी रहते हैं। हमेशा गरीब ,असहाय लोगों की सेवा में लगे रहते हैं। आपके जीवन के आज 70 वर्ष पूर्ण हुए हैं तो आपने इस अवसर पर 70 परिवारो को खाद्य सामठी के पैकेट वितरित किये । कार्यक्रम में सेवा भारती के जिला मंत्री कैलाश पुजारी सामाजिक रमेश सोनी , कैलाश पुरी,इंदरचंद वैष्णव व संस्कार केन्द्र संचालिका अंकिता पुरी समेत सेवा भारती के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सार-समाचार

ट्रांसपोर्ट नगर स्थित नवनिर्मित मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव

मदनगंज-किशनगढ़, (निस)। किशनगढ ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (थोक सेक्शन) व केर बालाजी विकास समिति के संयुक्त तत्वाधान में तोलामाल स्थित ट्रांसपोर्ट नगर में नवनिर्मित बालाजी मंदिर प्रांगण पर तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव सम्पन्न हुआ। अध्यक्ष मदनलाल नेहरा ने बताया की प्रथम दिवस अखंड रामायण पाठ, द्वितीय दिवस अखंड रामायण पाठ का समापन हुआ। बाद नवनिर्मित मंदिर में पूजा अर्चना कर मंत्रोच्चार के बिच मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की गई।मूर्तियों को गंगाजल, पंचामृत आदि विभिन्न प्रकार के सुगंधित द्रव्यो से स्नान करवाकर यथास्थान विराजित कराया। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, राजस्व मंत्री विजय सिंह चौधरी, विधायक डॉ विकास चौधरी, पूर्व विधायक नाथूराम सिनोदिया, सुरेश टाक, किशनगढ मार्बल एसोसिएशन अध्यक्ष सुधीर जैन, पूर्व जिला प्रमुख रामस्वरूप चौधरी सहित विभिन्न समाज व संगठनो के पदाधिकारी मौजूद रहे। केंद्रीय मंत्री चौधरी ने कहा ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन द्वारा मंदिर का निर्माण कराकर पुनीत कार्य में भागीदारी सुनिश्चित की है। मार्बल एसोसिएशन अध्यक्ष जैन ने कहा कि मार्बल व्यापारी एवं ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों का चोली दामन का साथ है, सभी आपस में मिलकर व्यापार हित में कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करेंगे तो निश्चित रूप से परिणाम सकारात्मक होंगे। ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन अध्यक्ष मदन नेहरा सचिव दिनेश शर्मा सहित पदाधिकारियों ने आंगनतुक अतिथियों का स्वागत अभिनन्दन किया।

'भ्रामक जानकारियों से बचें'

अजमेर, (कासं)। राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी रविवार को अजमेर दौरे पर रहीं। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत में भारत पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव और सीजफायर उल्लंघन को लेकर अहम बयान दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि भारत सरकार और सेना की ओर से समय-समय पर स्थिति की जानकारी दी जा रही है, ऐसे में आमजन को किसी भी अफवाह या भ्रामक जानकारी में नहीं आना चाहिए। दीया कुमारी ने कहा कि सीमाओं पर हालात पूरी तरह नियंत्रण में हैं और राजस्थान की सीमाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं। राज्य सरकार केंद्र के संपर्क में है और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद करारा जवाब दिया है। सेना को पूरी छूट दी गई है और देश की रक्षा के लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं। जब उनसे राजस्थान की तैयारियों के बारे में सवाल किया, तो उन्होंने कहा कि राजस्थान सीमावर्ती राज्य है और हमारी सेना के साथ प्रशासन भी हर हालात से निपटने को तत्पर है। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि वे सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों से सतर्क रहें और सिर्फ सरकारी स्रोतों से प्राप्त सूचना पर ही विश्वास करें।

समिति के चुनाव 25 मई को

अजमेर, (कासं)। शास्त्री नगर विस्तार विकास समिति ने रविवार को आयोजित बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 25 मई को समिति के चुनाव कराया जाएंगे। समिति के मीडिया प्रभारी एवं पूर्व अध्यक्ष डॉ.एसडी मिश्रा ने बताया कि समिति का कार्य काल दो वर्ष का होता है जोकि पूरा हो गया है, इसके बाद चुनाव कराना अनिवार्य होता है। चुनाव को लेकर रविवार को समिति के अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह राठोड़ एवं सचिव बीएल बामनिया, दुर्गा सिंह राठौड़, उपाध्यक्ष ओपी त्रिवेदी, कोषाध्यक्ष शालिनी गहलोत सहित अन्य पदाधिकारियों ने सर्वसम्मिति निर्णय से लिया कि आगामी 25 मई को सुबह 11:30 बजे समिति के कार्यालय में चुनाव से पूर्व आमसभा होगी, आम सभा में सर्वसम्मिति नहीं बनी तो आमसभा के बाद चुनाव मुख्य चुनाव अधिकारी चंद्रभान सिंह राठौड़ एवं सहायक चुनाव अधिकारी विनय शर्मा, पीसी मंडावरिया के नेतृत्व में चुनाव कराए जाएंगे। डॉ. मिश्रा ने बताया कि मतदाता सूची में नाम होगा वो ही सदस्य चुनाव में भाग ले सकेगा एवं मतदान कर पाएगा। सूची में नाम नहीं होने पर वो चुनाव प्रक्रिया में भाग नहीं ले पाएगा। आवश्यक।

कार्यकारिणी की घोषणा

भीलवाड़ा । आज अखिल भारत हिंदू महासभा द्वारा गुल मंडी कार्यालय पर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सीताराम जी त्रिपाठी ने की। इस दौरान जिला अध्यक्ष कैलाश, जी सांखला(जीनगर) द्वारा नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिसमें निम्न दायित्व सौंपे गए: जिला मंत्री अनिल सोनी, जिला अखाड़ा प्रमुख प्रकाश धोबी शहर अध्यक्ष: लोकेश वैष्णव (मोनसा), शहर मंत्री दिनेश सेन, शहर उपाध्यक्ष: लक्ष्मण कसारा, शहर उपाध्यक्ष: भानुजी बेरवा, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष: यश चतुर्वेदी, कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों ने भारत माता की जय हिंदुस्तान जिंदाबाद पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए और भारतीय सेना सम्मान में उद्घोष लगे वहीं, शहर में पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में निकल रहे मार्च पास्ट पर पुष्पवर्षा कर जवानों की हौसला अफजाई भी की गई।

'प्रमुख भाजपा पदाधिकारी संभालेंगे एक -एक जिला'

भीलवाड़ा । भाजपा प्रदेश महामंत्री व भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल को एवम प्रमुख भाजपा पदाधिकारियों को केंद्रीय संगठन के निर्देश पर देशभर में पाकिस्तान सीमा से लगे समस्त सीमावर्ती जिलों में से एक-एक जिले में जाकर जिम्मेदारी संभालने का आदेश हुआ है । इस क्रम में राजस्थान प्रदेश के गंगानगर, अनूपगढ, बीकानेर, जैसलमेर, बाड़मेर, फलोदी सहित अन्य सीमावर्ती जिलों पहुंचकर वहीं कैंप करने के निर्देश मिले हैं। भाजपा प्रदेश महामंत्री व भीलवाड़ा सांसद अठावाल को इसी निमित बाड़मेर जिले की अहम जिम्मेदारी सोंपी गई है ।

अग्रवाल कल भीलवाड़ा से प्रस्थान कर अठिाम आदेश तक बाड़मेर में कैंप करेंगे व वहाँ रहकर सेना की होंसला अफजाई के साथ-साथ जिला प्रशासन एवं आमजन के बीच समन्वय आवश्यक आपूर्ति एवं जरूरत अनुसार प्रबन्धन कार्य देखेंगे। सीमावर्ती जन साधारण के साथ भाजपा संगठन के बूथ स्तर के नेटवर्क को सक्रिय कर ठाउण्ड जीरो की वस्तुस्थिति से सरकार को अवगत करने का कार्य भी करेंगे ।

सम्राट पृथ्वीराज चौहान की 859 वीं जयंती पर प्रचार सामग्री का विमोचन

अजमेर । सम्राट पृथ्वीराज चौहान की 859वीं जयंती समारोह के 10 दिवसीय कार्यक्रमों की रूप रेखा तैयार करने हेतु स्वामी कॉम्पलेक्स स्थित रसोई बैकवेट हॉल में समारोह समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक की जानकारी देते समन्वयक संपत सांखला ने बताया कि इस जयंती समारोह के अन्तर्गत 10 दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसमें प्रमुख रूप से खेल कूद स्पर्दाएं जिसमें हॉकी, टेनिस, महिला क्रिकेट एवं मैराथन दौड़ के आयोजन के साथ-साथ संगोष्ठी सहित मुख्य कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस समारोह के अन्तर्गत राइफल शूटिंग एवं रंग भरो प्रतियोगिता के आयोजन पूर्व में सम्पन्न किए जा चुके है।

समिति के कंवल प्रकाश किशनानी के अनुसार 10 दिवसीय कार्यक्रम का मुख्य समारोह जयन्ती ज्येष्ठ कृष्णा द्वादश 24 मई 2025 को तारागढ तलहटी स्थित सम्राट पृथ्वीराज चौहान स्मारक पर आयोजित किया जाएगा। इस समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम, वीर सिरोमणी सम्राट पृथ्वीराज चौहान को श्रद्धासुमन अर्पित करने के साथ विभिन्न विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। खेलकूद स्पर्दाओं के संयोजक विनीत लोहिया के अनुसार आगामी 18 से 20 मई तक कुन्दन नगर स्थित राजपूत छात्रावास के हिलव्यू टेनिस अकेडमी मैदान पर टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसके संयोजक भरत सिंह एवं राहुल सिंह चौहान होगे, हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन सम्राट पृथ्वीराज चौहान खेल स्टेडियम में 21 से 23 मई 2025 तक आयोजन किया जाएगा। इसके संयोजक अन्तर्राष्ट्रीय हॉकी प्रशिक्षक व भारतीय खेल प्राधिकरण के नन्द कुमार शर्मा होंगे। इस श्रृंखला के अन्तर्गत मैराथन दौड 23 मई को डॉ. भीमराव आम्बेडकर सर्कल (रोडवेज बस स्टेण्ड) से प्रारम्भ होकर एलिवेटेड रोड से पुन: अम्बेडकर सर्कल पहुंगी, जिसके संयोजक विनीत लोहिया, अर्जुन नलिया, मुकेश खींची, किशोर मारोठियां, चन्द्रभान प्रजापत होंगे। महिला क्रिकेट प्रतियोगिता पुष्कर रोड रोड स्थित एक ट्रफ पर 19 मई को आयोजित की जाएगी। जिसके संयोजक योगिता वर्मा, सुमन साहू, रेखा गोयल, विजय लक्ष्मी सैनी होंगे। सहयोग में शैलेन्द्र सिंह परमार, रामस्वरूप कुडी, अनिल आसनानी, दुर्गा प्रसाद शर्मा रहेंगे। संगोष्ठी का आयोजन नया बाजार स्थित अजमेर संठाालय पर किया जाएगा। इसके अतिरिक्त एमडीएस यूनिवर्सिटी में एक संगोष्ठी का भी आयोजन किया जाएगा, जिसके संयोजक डॉ. अरविन्द पारीक व डॉ. राजू शर्मा रहेगे। इस बैठक में 10 दिवसीय समारोह के प्रचार-प्रसार सामठी का विमोचन भी किया गया। बैठक में महेश शर्मा, आर.एस. दाधीच, नरेन्द्र सिंह चांदावत, नरेन्द्र सिंह चौहान, गजेन्द्र सिंह चौहान, रमेश चन्द, शिव प्रसाद गौतम, दिलीप पारीक, रमेश एच लालवानी, अनुज शर्मा, आदि मौजूद रहे।

सिविल डिफेंस की मॉक ड्रिल

अजमेर, 11 मई (कासं)। भारत द्वारा आतंक के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत-पाकिस्तान सीमा पर बने तनाव के लिए लोगों को सुरक्षा और बचाव के प्रति जागरुकता को लेकर रविवार को सिविल डिफेंस टीम ने रेलवे स्टेशन पर मॉक ड्रिल कर एक आपातकालीन स्थिति से निपटने का अभ्यास लोगों को गुर सिखाया। अभ्यास में रेलवे स्टेशन पर मौजूद जीआरपी थाना पुलिस, टैक्सी चालकों और यात्रियों को आपदा के समय बरती जाने वाली सावधानियों और सुरक्षा उपायों के बारे में जानकारी साझा की। आपात स्थिति में संयम बरते लोग:

मॉक ड्रिल के दौरान यह दिखाया गया कि किसी संभावित हमले, विस्फोट या अफरा-तफरी की स्थिति में किस तरह से तेजी और संयम से कार्य करते हुए जान-माल की हानि से बचा जा सकता है। सिविल डिफेंस की टीम ने स्टेशन परिसर में मौजूद वाहन चालकों को बताया कि अगर अचानक कोई आपदा आती है, जैसे ब्लास्ट, गैस रिसाव या भगदड़ की स्थिति में उन्हें यात्रियों को कैसे सुरक्षित स्थान पर पहुंचाना चाहिए और स्वयं को कैसे सुरक्षित रखना है।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी का भीलवाड़ा में स्वागत

भीलवाड़ा । विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी रविवार को उदयपुर से जयपुर जाते समय अल्प प्रवास पर भीलवाड़ा पहुंचे जहाँ कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत अभिनंदन किया। भाजपा नेता विनोद झुरानी ने बताया कि, विधानसभा अध्यक्ष रविवार दोपहर नोगांवा स्थित माधव गौशाला पहुंचे, कार्यकर्ताओं ने अभिनंदन किया व केसरिया दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। गौशाला में स्थित श्री सांवलिया सेठ मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद लिया। जहाँ पर विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, मनीष सबदानी, पार्षद किशोर सोनी, पंकज आडवाणी, किशोर लखवानी, मनोज बुलानी, एडवोकेट बाबूलाल वैष्णव, रितु शेखर आदि उपस्थित थे।

■ गौशाला में स्थित श्री सांवलिया सेठ मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद लिया। जहाँ पर विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी रविवार को उदयपुर से जयपुर जाते समय भीलवाडा में स्वागत किया।

मृत्यु भोज पर रोक लगाने की मांग

अजमेर, (कासं)। अब्बासी समाज वेलफेयर एसोसिएशन का प्रांतीय अधिवेशन रविवार को अजमेर में आयोजित हुआ, जिसमें समाज में फैली बुराइयों को दूर करने के साथ ही मृत्यु भोज को लेकर सभी को जागरुक कर रोक लगाने की मांग के साथ ही जागरुकता के लिए समाज में जनजागृति अभियान चलाया जाएगा। साथ ही समाज के कमजोर वर्ग के लोगों का आर्थिक मदद उपलब्ध कराने के लिए जकात फंड बनाया जाएगा।

समाज के हाजी शकील अब्बासी ने बताया कि सभी प्रांतीय पदाधिकारी बैठक में मौजूद रहे और सभी ने इस बात पर भी जोर दिया की समाज में शिक्षा की चेतना की अत्यंत आवश्यकता है, इसके लिए समाज के बच्चों को पढ? के लिए सभी को अपनी अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी ताकि हमारे बच्चे पढ़ लिखकर समाज और देश की तरक्की में अपनी भागीदारी कर सकें इसके लिए उन्होंने कहा कि आधी रोटी खाकर अपने बच्चों को अवश्य शिक्षा दिलाए और जहां समाज की जरूरत होगी।

श्री बैजनाथ जी का जीवन संपूर्ण समाज के लिए प्रेरणा है : प्रो आनंद भालेराव

अजमेर । राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय, किशनगढ़ द्वारा प्रतिष्ठित संत एवं समाजसेवी पद्मश्री श्री बैजनाथ जी महाराज के सम्मान में आयोजित विशेष समारोह रविवार को श्रद्धानाथ जी महाराज आश्रम, लक्ष्मणगढ़ में श्रद्धा, भक्ति और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आनंद भालेराव ने विश्वविद्यालय की 'नीति एवं स्थापित परंपरा' के अनुसार पद्मश्री श्री बैजनाथ जी महाराज को 'जीवन साधना गौरव पुरस्कार' से सम्मानित किया। उन्हें सम्मान स्वरूप शॉल, स्मृति चिन्ह, भगवान श्री गणेश की प्रतिमा, पचास हज़ार रुपये का चेक, तथा विशेष सम्मान-पत्र भेंट किया गया।

श्री बैजनाथ जी महाराज, श्रद्धानाथ जी महाराज आश्रम के पीठाधीश्वर के रूप में सनातन धर्म, वैदिक ज्ञान एवं योग के प्रचार-प्रसार में विगत कई दशकों से संलग्न हैं। आपने श्रद्धा संस्कृत विद्यापीठ एवं श्रद्धा योग शिक्षण संस्थान की स्थापना कर हज़ारों विद्यार्थियों को शास्त्र, योग एवं भारतीय जीवन मूल्यों से जोड़ा है। इसके साथ ही आप द्वारा स्थापित श्री गोरक्ष मंदिर, श्रद्धा स्मृति मंदिर, साधना कक्ष, प्रज्ञान मंदिर (पुस्तकालय) जैसे अनेक धार्मिक केंद्र समाज में आध्यात्मिक जागरण का कार्य कर रहे हैं।

राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आनंद भालेराव ने इस अवसर पर कहा कि 'श्री बैजनाथ जी महाराज का जीवन संपूर्ण समाज के लिए प्रेरणा है। उनका समर्पण, सेवाभाव और शिक्षा के क्षेत्र में किया गया योगदान शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। वैदिक शिक्षा, योग, और समाज सेवा के माध्यम से उन्होंने जो मिसाल कायम की है, वह पूरे देश के लिए अनुकरणीय है। प्रो भालेराव ने बताया कि 'जिन महापुरुषों ने अपने जीवन को तुच्छ समझते हुए सम्पूर्ण जीवन समाज की सेवा में समर्पित कर दिया, समाज ऐसे ही व्यक्तित्वों को सदैव स्मरण रखता है। प्रो भालेराव ने आगे बताया कि विश्वविद्यालय की परंपरा के अनुसार, जीवन साधन गौरव पुरस्कार प्रतिवर्ष विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में उन विभूतियों को प्रदान किया जाता है, जिन्हें भारत सरकार द्वारा पद्मश्री सम्मान प्राप्त हो चुका है और जिन्होंने समाज, शिक्षा, और संस्कृति के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसी परंपरा की कड़ी में यह सम्मान विश्वविद्यालय द्वारा संत बैजनाथ जी महाराज को समाज सेवा, राष्ट्र सेवा और लाखों लोगों के जीवन में जो नया मार्गदर्शन दिया है उसके लिए प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि हम बहुत सम्मानित महसूस कर रहे है कि महाराजजी ने हमारा ये सम्मान स्वीकार किया। इससे पूर्व विश्वविद्यालय के डीन अकादमिक प्रो. डी. सी. शर्मा ने समारोह को संबोधित करते हुए बताया कि 'जीवन साधना गौरव पुरस्कार' की शुरुआत विश्वविद्यालय द्वारा उन विभूतियों को सम्मानित करने हेतु की गई है।

नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का शुभारम्भ

शाहपुरा । आज के दौर में दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्रों में जरुरतमंद व्यक्तियों तक सहज चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवानें का पुनीत कार्य सामरिया ट्रस्ट के द्वारा किए जाने की सराहना करते हुए भीलवाड़ा जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा का सशक्त माध्यम है और त्रिपाठी ने उपस्थित जन समुदाय को शिविर की सुविधाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने का अनुरोध किया। यह व्यक्त्य त्रिपाठी ने आज ढिकोला में सामरिया नर्सिंग होम रायला और जिला अंधता निवारण समिति भीलवाड़ा के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित नेत्र चिकित्सा शिविर के उदघाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहें। पूर्व सीएमएचओ डॉ. रमेश चन्द्र सामरिया के सौजन्य से आयोजित नेत्र परीक्षण शिविर का उदघाटन अध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी, रामस्नेही संत निर्मलराम, युवा संत रामविश्वास, विधानसभा प्रभारी अविनाश शर्मा, एडवोकेट भैरूलाल बैरवा, एडवोकेट रामेश्वर जाट, शिक्षक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश अमरवाल, युवा नेता राजेश लौहार, यूथ कांठोस विधानसभा अध्यक्ष रामसिंह मीना ने फीता काटकर शुभारम्भ किया। शिविर स्थल पर ग्रामवासियों की ओर से जिलाध्यक्ष त्रिपाठी और अन्य अतिथियों का माला एवं साफा बंधवाकर स्वागत किया गया। समारोह को अविनाश शर्मा और रामेश्वर जाट ने सम्बोधित करते हुऐ डॉ. सामरिया एवं उनकी टीम की सेवाओं की सराहना की । शिविर में 115 रोगियो ने नेत्र परीक्षण करवाया जिसमे से 40 रोगियों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। डॉ सामरिया ने बताया कि गोमाबाई नेत्र चिकित्सालय नीमच की टीम द्वारा सम्पन्न शिविर में चिन्हित रोगियों का इसी माह 13 तारीख को नेत्र का ऑपरेशन किया जायेगा। इस दौरान राजू जाट, सरपंच प्रतिनिधि गणपत खटीक, राकेश पाराशर, परमेश्वर जागेटिया, अभिषेक पाराशर, जीवन राम जाट, शफी मोहम्मद, लादू लाल नायक, सोनू भील की सेवाएं सराहनीय रही।

■ जन समुदाय को शिविर की सुविधाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने का अनुरोध किया

पूर्व सीएमएचओ डॉ. रमेश चन्द्र सामरिया ने नेत्र चिकित्सा शिविर के उदघाटन समारोह को संबोधित किया।